रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05

REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 23] नई दिल्ली, शनिवार, जून 4—जून 10, 2016 (ज्येष्ठ 14, 1938)

No. 23] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 4—JUNE 10, 2016 (JYAISTHA 14, 1938)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.	597
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	473
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	7
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1383
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं).	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	595
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.	91
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.	597
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	597
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	473
PART I—SECTION 3—Notifications relating to resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence..........	7
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1383
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	595
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	91
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	597
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I — खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 2016

सं. 76-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2016 के अवसर पर भृगु मुनि दास, उत्तम नाविक (एम ई), 05666-एच को बहादुरी के लिए राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक (शौर्य) सहर्ष प्रदान करते हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

भृगु मुनि दास, उत्तम नाविक (एम ई), 05666-एच ने 26 जनवरी, 2007 को भारतीय तटरक्षक में सेवा शुरू की। इन्होंने 10 अक्तूबर, 2013 को 841 स्क्वाड्रन (त.र.), दमन में वायु कर्मी गोताखोर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

2. 24 जून, 2015 को, भृगु मुनि दास को, एम वी कोस्टल प्राईड के कर्मियों की खोज एवं बचाव मिशन के लिए मुक्त गोताखोर के रूप में नामित किया गया। दमन में खराब मौसम और तूफानी हवाओं के बावजूद, वायुयान लगभग 08 बजे पोत एम वी कोस्टल प्राईड, जोकि अपने बायीं ओर के डेक पर रखे कार्गो के साथ लगभग 30 डिग्री तक बायीं ओर खतरनाक ढंग से झुक गया था और जोर से दोलित हो रहा था, के ऊपर पहुँच गया था। उत्तम नाविक ने बड़ी बहादुरी से स्टारबोर्ड ब्रिज विंग पर खड़े होकर सभी 14 कर्मियों के बचाव के लिए तैयारी कर ली।

3. भृगु मुनि दास, उत्तम नाविक तुरंत ही नीचे उतरा तथा उसने एक-एक करके तीन उत्तरजीवियों की सहायता की। जैसे ही वायुयान नजदीकी सुरक्षित अवतरण स्थल पर उत्तरजीवियों को उतारने के लिए बढ़ा, उत्तम नाविक ने अपनी हाजिर बुद्धि का प्रयोग करते हुए, पोत की जीवन रक्षी चाटी को तुरंत ही नीचे उतार दिया, ताकि पोत के कर्मी किसी संभावित घटना की स्थिति में, जीवन-रक्षी चाटी पर सुरक्षित रूप से चढ़ सकें। वायुयान की वापसी पर, उत्तम नाविक ने अन्य तीन उत्तरजीवियों की वायुयान में चढ़ने में सहायता की। पोत किसी भी क्षण पलट सकता है, यह महसूस करते हुए, उत्तम नाविक ने, पोत के कर्मियों को पानी में कूदने और जीवन रक्षी जेकैटों की सहायता से एक साथ जुडे रहने का निदेश दिया। इन्होंने सुनिश्चित किया कि पोत के शेष कर्मियों ने सुरक्षित रूप से पोत त्याग दिया है तथा यह महसूस करते हुए कि पोत किसी जोरदार लहर के प्रहार से बायीं दिशा कि ओर पलट जाएगा, उत्तम नाविक ने जैमिनी नौका के नियंत्रण को बनाये रखा, तत्पश्चात वह जल धारा के साथ जूझ रहे उत्तरजीवियों की ओर बढ़ा तथा उनको उमरगाँव तट पर सुरक्षित रूप से उतारने के लिए, उन्हें हेलिकॉप्टर पर सुरक्षित चढ़ाया।

4. भृगु मुनि दास, उत्तम नाविक ने अनुकरणीय बहादुरी, कर्तव्यनिष्ठा तथा प्रतिकूल मौसम में निर्णायकता को प्रदर्शित किया एवं अपनी स्वयं की सुरक्षा की परवाह किए बिना, खतरनाक परिस्थिति में बहुमूल्य 14 जीवन का, बचाव किया।

5. भृगु मुनि दास, उत्तम नाविक (एम ई), 05666-एच ने स्वयं को बखूबी सिद्ध किया है, फलस्वरूप इन्हें राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

6. राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 4(ii) के तहत राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है तथा परिणामस्वरूप नियम 5 के अधीन राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को विशेष भत्ता स्वीकार्य है।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 77-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2016 के अवसर पर निम्नलिखित अफसर को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का तटरक्षक का बार पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

महानिरीक्षक सत्य प्रकाश शर्मा, पीटीएम, टीएम (0023-सी)

2. विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 4(iv) के तहत राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा) प्रदान किया जाता है।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 78-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2016 के अवसर पर उपमहानिरीक्षक राजेश मकवाना, तटरक्षक पदक (0230-वी) को बहादुरी के लिए तटरक्षक पदक (शौर्य) का बार सहर्ष प्रदान करते हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

उपमहानिरीक्षक राजेश मकवाना, तटरक्षक पदक (0230-वी) ने 22 जनवरी, 1989 को भारतीय तटरक्षक में सेवा आरंभ की। अफसर को, 31 जुलाई, 2014 को भारतीय तटरक्षक पोत संग्राम का कमान अफसर नियुक्त किया गया।

2. 19 अप्रैल, 2015 को, भारतीय तटरक्षक पोत संग्राम पाकिस्तान से जुड़ी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पर अवरोध गश्त कर रहा था। आसूचना रिपोर्ट प्राप्त होने पर, पोत एकदम हरकत में आया और पोत ने गहन खोज शुरू कर दी। 20 अप्रैल, 2015 को लगभग 0310 बजे, पोत ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्र में अंधेरा किए हुए एक संदिग्ध पोत को ढूंढ लिया। संदिग्ध नौका के दिखाई देने पर, जोकि एक आतंकी नौका हो सकती है, खतरे की संभावना अपरिमित रूप से बढ़ गयी थी।

3. कमान अफसर के रूप में, उपमहानिरीक्षक राजेश मकवाना ने पोत का छिपाव करते हुए संचालन किया तथा सभी हथियारों को तैयार करने के साथ पोत को नौका के पीछे की ओर तैनात किया। इस प्रकार अफसर ने नौकौशल से पोत को दो केबल की दूरी पर रखा तथा लगभग 0430 बजे अन्य हथियारों का प्रयोग न करते हुए, नौका की सही पहचान के लिए रोशनी बम से फायर किया। अफसर ने कर्मठता से पोत को सुरक्षित दूरी पर रखा ताकि नौका से किसी जवाबी फायर से पर्याप्त सुरक्षा की जा सके। अफसर ने दिन की पहली रोशनी में संदिग्ध नौका पर चढ़ने का निर्णय लिया। बोर्डिंग पार्टी को, मौजूदा परिस्थितियों में शामिल जोखिम को देखते हुए प्रत्येक मिनट के ब्योरे के साथ, सही तरह से निर्देश दिए गए थे। बोर्डिंग पार्टी को तुरंत, दिन की पहली रोशनी में, नौका का अंतर्रोधन करने के लिए भेजा गया।

4. बोर्डिंग पार्टी ने नौका के कर्मियों को, जो अभियान के दौरान विरोधी प्रतीत हो रहे थे, गिरफ्तार किया। नौका की पूरी तरह तलाशी ली गयी, जिसमें 600 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोईन के 232 पैकेट बरामद हुए। तत्पर और सफल अभियान की पूरे विश्व में प्रंशसा की गयी।

5. उपमहानिरीक्षक राजेश मकवाना, तटरक्षक पदक (0230-वी) ने स्वयं को बखूबी सिद्ध किया है, फलस्वरूप इन्हें तटरक्षक पदक (शौर्य) का बार प्रदान किया जाता है।

6. तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 11(i) के तहत तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है तथा परिणामस्वरूप नियम 13 के अधीन तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को विशेष भत्ता स्वीकार्य है।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 79-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस 2016 के अवसर पर कमांडेंट (क.श्रे.) किरन सूर्यकांत सारंग (4123-एस) को बहादुरी के लिए तटरक्षक पदक (शौर्य) सहर्ष प्रदान करते हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

कमांडेंट (क.श्रे.) किरन सूर्यकांत सारंग (4123-एस) ने 11 जनवरी, 2003 को भारतीय तटरक्षक में सेवा आरंभ की तथा वे 09 अप्रैल, 2015 से 744 स्क्वाड्रन (त.र.) की नफ़री में हैं।

2. लापता तटरक्षक डोर्नियर 791 का पता लगाने के लिए 08 जून, 2015 को "ऑपरेशन तलाश" शुरू किया गया था। भारतीय नौसेना एवं तटरक्षक से पोतों, वायुयानों और पनडुब्बियों में लापता वायुयान के लिए विस्तृत क्षेत्र में खोजबीन की गयी तथा उपलब्ध सभी संसाधनों को दिशानिर्देशित किया गया, किंतु कोई परिणाम नहीं मिला। 07 जुलाई, 2015 को, मैसर्स रिलायंस से एमवी ओलम्पिक कैनयोन को सुदूर संचालित वाहनों (आरओवी) की सहायता से समुद्र तल मैपिंग के लिए परिनियोजित किया गया था।

3. डोर्नियर वायुयान के बारे में अपनी विशेषज्ञता एवं जानकारी देने तथा वायुयान के मलबे की पहचान में सहायता हेतु अफसर, एम वी ओलम्पिक कैनयोन पर, खोज में शामिल होने के लिए स्वेच्छा से आगे आये। खोजी पोत पर दल के एक अंश के रूप में, विभिन्न सूचनाओं के आधार पर तथा अपने अनुभवों से अफसर ने एक ऐसे क्षेत्र, जिसमें अत्यधिक ध्यान देना अपेक्षित था, को ढूंढने में अपरिमित योगदान दिया।

4. अफसर और इनके दल द्वारा किए गये सतत् प्रयासों के परिणामस्वरूप, 10 जुलाई, 2015 को तटरक्षक डोर्नियर का मलबा दिखाई दिया। अफसर ने मलबे की पहचान के लिए सोनार इनवुटों के आधार पर अथक प्रयास से एक योजना की रूपरेखा तैयार की, जिसे आरओवी दल के समन्वय से व्यापक क्षेत्र में, अर्थात् फ्लाइट डेटा रिकार्डर, कॉकपिट वॉयस रिकार्डर (एमआरयू) तथा शेष सभी लोगों को, प्रसारित किया गया था । अफसर की दृढ़ता, धैर्य और सर्वोपरि मलबे का निस्तारण करने की इच्छा के परिणामस्वरूप मानव अवशेषों, ताकि उनकी दुर्घटना के उपरांत की जांच की जा सके, के साथ वायुयान के मलबे को बरामद किया जा सका।

5. इनकी प्रतिबद्धता, तकनीकी जानकारी और नेतृत्व योग्यता से न केवल एक नई उम्मीद और उत्साह का संचार हुआ बल्कि एक ऐसे परिवेश का निर्माण हुआ जो वायुयान के मलबे को ढूंढने के लिए आवश्यक था।

6. कमांडेंट (क.श्रे.) किरन सूर्यकांत सारंग (4123-एस) ने स्वयं को बखूबी सिद्ध किया है, फलस्वरूप इन्हें तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

7. तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 11(i) के तहत तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है तथा परिणामस्वरूप नियम 13 के अधीन तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को विशेष भत्त्ता स्वीकार्य है।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 80-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2016 के अवसर पर सहायक कमांडेंट अनित कुमार मिश्रा (1186-एस) को बहादुरी के लिए तटरक्षक पदक (शौर्य) सहर्ष प्रदान करते हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

सहायक कमांडेंट अनित कुमार मिश्रा (1186-एस) ने 20 जून, 2013 को भारतीय तटरक्षक में सेवा आरंभ की तथा अफसर वर्तमान में भारतीय तटरक्षक पोत विश्वस्त में नियुक्त है।

2. 01 दिसंबर 2015 को सदी की सबसे भीष्ण बरसात ने चेन्नई की जीवन-व्यवस्था ठप कर दी थी । लाखों लोग बेघर हो गये थे, रोड, रिहायशी परिसर और झुग्गी-झोपड़ियां, कई फुट पानी में, कीचड़ और मलबे से भर गयी थी, यह स्थिति शहर के जलाशयों से 30,000 क्यूसेक/ मिनट पानी छोड़ने से और अधिक बदतर हो गयी थी। बिजली की अनुपलब्धता से और परेशानी बढ़ गयी थी। अन्यत्र शांत रहने वाली अड्यार और कूवम नदियां, काल बन गयी थी तथा उन्होंने बड़े पैमाने पर विनाश कर दिया था।

3. यद्यपि, क्षेत्रीय मुख्यालय (पूर्व) और यूनिटें बचाव और राहत प्रयासों में लगी हुई थी, फिर भी चार भर्ती कार्मिकों के साथ सहायक कमांडेंट अनित मिश्रा के नेतृत्व में 01 दिसंबर, 2015 की रात को एक द्रुत अनुक्रिया दल का गठन किया गया तथा उसे तुरंत सैदापेट और कोट्टूपुरम रवाना किया गया 02 दिसंबर, 2015 की संकटपूर्व रात्रि के दौरान बचाव अभियान के समय, सहायक कमांडेंट अनित मिश्रा की कभी हार न मानने वाली अभिवृत्ति की बदौलत, चमत्कारिक परिणाम सामने आये। रात के अंधेरे, अभूतपूर्व बारिश, सशक्त जलप्रवाह के साथ दलदलपूर्ण पानी और पूरे शहर में फैले कोलाहल ने अफसर के उत्साह को

विचलित नहीं किया। अफसर ने एक बड़े स्तर का बचाव अभियान चलाया और उसमें 250 ऐसे लोगों का सफलतापूर्वक बचाव किया, जिनका सहायता न मिलने की स्थिति में संभवता बचना मुश्किल था । पूरे अभियान के दौरान, अफसर ने स्थानीय जनता की हडबड़ी, डर, भगदड़, गुस्से और हताशा के बीच दो रातों सहित 30 घंटों से अधिक अथक रूप से कार्य किया।

4. अफसर के नेतृत्व में दल द्वारा किए गये असाधारण अभियान के परिणामस्वरूप 250 लोगों का जीवन बचाया जा सका, जो लोग अभी तक भारतीय तटरक्षक के प्रति अपना आभार व्यक्त कर रहें है।

5. सहायक कमांडेंट अनित कुमार मिश्रा (1186-एस) ने स्वयं को बखूबी सिद्ध किया है, फलस्वरूप इन्हें तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

6. तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 11(i) के तहत तटरक्षक (शौर्य) प्रदान किया जाता है तथा परिणामस्वरूप नियम 13 के अधीन तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को विशेष भत्ता स्वीकार्य है।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 81-प्रेज/2016 - राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2016 के अवसर पर सहायक कमांडेंट अमित कुमार चौधरी (1209-वी) को बहादुरी के लिए तटरक्षक पदक (शौर्य) सहर्ष प्रदान करते हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

सहायक कमांडेंट अमित कुमार चौधरी (1209-वी) ने 23 जून, 2013 को भारतीय तटरक्षक में सेवा आरंभ की।

2. 03 भर्ती कर्मिकों के एक दल के साथ अफसर को डिफेंस कॉलोनी, जोकि चेन्नई में बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में से एक था, से संकटग्रस्त लोगों की निकासी करने का कार्य सौंपा गया। इनके नेतृत्व में बचाव दल, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की कठिनाईयों से गुजरते हुए 01 दिसंबर, 2015 को लगभग 1600 बजे घटना स्थल पर पहुंचा। बचाव दल ने इस क्षेत्र में एक योजनाबद्व तरीके से क्षेत्र में फैली तीन गलियों में से, विशेषकर ऐसे घरों की तरफ जहां पर क्षेत्र के निवासियों को आसन्न खतरा था, क्षेत्र में प्रवेश किया।

3. अफसर ने यह सुनिश्चित किया कि शेष घरों में फंसे लोगों को सुरक्षित रखा जाए तथा उनकी बिल्डिंग की ऊपरी मंजिलों तक पहुँचने में सहायता की ताकि उनके जीवन को न्यूनतम खतरा रहे। केवल दो वर्षो की वरिष्ठता के साथ एकमात्र अफसर के रूप में, अफसर ने एक घर में सेवानिवृत्त ले. कर्नल और उसकी पत्नी का शव मिलने पर, उल्लेखनीय साहस और धैर्य को प्रदर्शित किया। अफसर ने उपलब्ध सभी संसाधनों को तुरंत संघटित किया और सैन्य कार्मिकों, जो नजदीक के क्षेत्र में बचाव अभियान क्रियान्वित कर रहे थे, के सहयोग से मृत शवों की निकासी को सुनिश्चित किया। एक अज्ञात क्षेत्र में संक्रिया कर रहे सहायक कमांडेंट अमित कुमार चौधरी ने यह भी सुनिश्चित किया कि बचाव एवं राहत अभियान निष्पादित करने के दौरान अपने आदमियों और सामान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ जेमिनी क्रॉफ्ट का इस प्रकार अत्यंत सावधानी और ध्यान से संचालन किया जाए, जिससे कि उसमें कहीं छेद न हो जाए। अफसर के नेतृत्व में दल ने निवासियों, विशेषकर वृद्धों और कमजोर व्यक्तियों, जिनकी निकासी किया जाना जरूरी था, का बचाव किया। सहायक कमांडेंट अमित कुमार चौधरी के अधीन दल द्वारा किए गए सतत् प्रयासों के परिणामस्वरूप समनुदेशित क्षेत्र में बचाव एवं राहत प्रयास सफलतापूर्वक पराकाष्ठा पर पहुंच सके। अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में अपने जवानों का नेतृत्व करने के दौरान, अफसर द्वारा प्रदर्शित जोश, प्रेरणाशक्ति और अनुकरणीय उत्साह, वस्तुतः अन्य युवा अफसरों में प्रतिस्पर्धा भावना प्रेरित करने योग्य है।

4. अत्यंत कठिन परिस्थितियों में इस युवा और ओजस्वी अफसर ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना इस चुनौतीपूर्ण कार्य को निष्पादित करने के लिए असाधारण साहस और इच्छाशक्ति को प्रदर्शित किया है, जो इनके कर्तव्यों के प्रति दृढ़ संकल्प को इंगित करता है।

5. सहायक कमांडेंट अमित कुमार चौधरी (1209-वी) ने स्वयं को बखूबी सिद्ध किया है, फलस्वरूप इन्हें तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

6. तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 11(i) के तहत तटरक्षक (शौर्य) प्रदान किया जाता है तथा परिणामस्वरूप नियम 13 के अधीन तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को विशेष भत्ता स्वीकार्य है।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 82-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2016 के अवसर पर अमलेन्दु धर, प्रधान सहायक इंजीनियर (ए ई), 07496-क्यू को बहादुरी के लिए तटरक्षक पदक (शौर्य) सहर्ष प्रदान करते हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

अमलेन्दु धर, प्रधान सहायक इंजीनियर (ए ई), 07496-क्यू ने 07 सितंबर, 1995 को भारतीय तटरक्षक मे सेवा आरंभ की तथा कार्मिक 06 मई, 2012 से 744 स्क्वाड्रन (त.र.) में तैनात है।

2. 08 जून, 2015 से लापता तटरक्षक डोर्नियर 791 का पता लगाने के लिए खोज एवं बचाव अभियान "ऑपरेशन तलाश" शुरू किया गया। खोज में भारतीय नौसेना और तटरक्षक से पोत, वायुयान और पनडुब्बियां शामिल हुई थी। 07 जुलाई, 2015 को दूरस्थ संचालित वाहनों (आरओवी) की सहायता से समुद्र तल मैपिंग के लिए एम वी ओलम्पिक कैनयोन को परिनियोजित किया गया।

3. वायु इंजीनियरिंग में विशेषज्ञ के रूप में, प्रधान सहायक इंजीनियर को, पूर्व में लापता हुए वायुयान की खोज एवं बचाव के लिए, तटरक्षक के प्रतिनिधि के रूप में 19 जून, 2015 से 23 जून, 2015 तक तथा बाद में 09 जुलाई, 2015 से 14 जुलाई, 2015 तक पोत एम वी ओलम्पिक कैनयोन पर तैनात किया गया। इनके कार्यभार में सतत् रूप से मॉनीटर करना तथा वायुयान के मलबे की पहचान करना और मानव अवशेषों सहित संपूर्ण निस्तारण अभियान को पूर्ण करना शामिल था।

4. इनके द्वारा दृढ़ प्रयासों ने, 10 जुलाई, 2015 से 14 जुलाई, 2015 के दौरान वायुयान के मलबे एवं मानव अवशेषों के दिखाई देने और तत्पश्चात उनको संरक्षित करने तथा इस संबंध में तटरक्षक प्राधिकारियों को सूचित करने में निश्चित रूप से योगदान दिया। यह प्रक्रिया एक सतत् प्रयास था और अधीनस्थ अधिकारी ने महत्वपूर्ण अंगूभूतों अर्थात् फ्लाईट डेटा रिकार्डर, कॉकपिट वॉयस रिकार्डर (एमआरयू), आदि और मानव अवशेषों की पहचान करने की जिम्मेदारी को समर्पित भाव से निष्पादित किया।

5. कर्तव्य और उत्तरदायित्व के प्रति निर्विवाद निष्ठा और सतत् गहन मॉनीटरिंग द्वारा मलबे को ढूंढने की समर्पित प्रतिबद्धता तथा अत्यधिक दवाब का सामना करने का सामर्थ्य और डैक एवं आरओवी तंत्र का प्रचालन कर रहे कार्मिकों को प्रेरित करने की उत्कृष्ट नेतृत्व योग्यता तथा असंभव कार्य को निष्पादित करना, सराहनीय है।

6. अमलेन्दु धर, प्रधान सहायक इंजीनियर (एई), 07496-क्यू ने स्वयं को बखूबी सिद्ध किया है, फलस्वरूप इन्हें तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

7. तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 11(i) के तहत तटरक्षक (शौर्य) प्रदान किया जाता है तथा परिणामस्वरूप नियम 13 के अधीन तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को विशेष भत्ता स्वीकार्य है।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 83-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2016 के अवसर पर विपिन गुलिया, उत्तम यांत्रिक (पोतकार), 08523-डब्ल्यू को बहादुरी के लिए तटरक्षक पदक (शौर्य) सहर्ष प्रदान करते हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

विपिन गुलिया, उत्तम यांत्रिक (पोतकार), 08523-डब्ल्यू ने 24 जनवरी, 2012 को भारतीय तटरक्षक में सेवा आरंभ की और वे वर्तमान में भारतीय तटरक्षक पोत विश्वस्त पर तैनात हैं।

2. चेन्नई में, हाल ही में आयी बाढ़ के दौरान, भर्ती कर्मिक ने कर्तव्य की सीमा से परे जाकर अपनी क्षमता को सिद्ध किया और अपनी निजी सुरक्षा एवं आराम की परवाह किए बिना सैकड़ों लोगों का जीवन बचाया। 01 दिसंबर, 2015 को चेन्नई शहर अड्यार एवं कूवम नदी में आये उफान से बाढ़ग्रस्त हो गया था तथा नजदीकी रिहायशी और झुग्गी-झोपड़ी के क्षेत्र पानी में डूब गये थे। चेम्बरामबक्कम झील से अत्यधिक पानी छोड़ने तथा अभूतपूर्व बारिश के कारण भीषण बाढ़, बिजली गुल, परिवहन व्यवस्था ठप हो गयी एवं खाद्य आपूर्ति बंद हो गयी थी, लाखों लोग पूर्ण तथा/आंशिक रूप से जलमग्न इमारतों में असहाय हो गये थे। शारीरिक रूप से स्वस्थ, पोत के गोताखोर के नाते विपिन गुलिया, उत्तम यांत्रिक, बचाव/राहत अभियानों और इस प्रकार बचाये गये संकटग्रस्त लोगों की दवाईयां, भोजन और जल उपलब्ध कराने के लिए भारतीय तटरक्षक द्वारा तुरंत गठित किए गए बचाव दल के लिए स्वेच्छा से आगे आये।

3. विपिन गुलिया, उत्तम यांत्रिक ने चुनौती को स्वीकार किया तथा सशक्त धारा एवं बहते पानी में रात्रि के दौरान सैदापेट और कोट्टुपुरम क्षेत्रों की आंशिक रूप से डूबी विभिन्न इमारतों में संकटग्रस्त 250 लोगों की निकासी सुनिश्चित की। अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों में प्रकृति के प्रकोप का दिलेरी से सामना करते हुए, भर्ती कार्मिक लगातार 30 घंटों के करीब अपने दल के लीडर के साथ डटा रहा। बचाव अभियान के दौरान, भर्ती कार्मिक की दायीं एढ़ी पर, निकासी हेतु प्रयुक्त जेमिनी नौका के प्रणोदक से, 3 इंच लंबा और 5 मिलीमिटर गहरा घाव हो गया था। जख्म से लगातार बहता रक्त और पैर में बढ़ता दर्द भी, भर्ती कार्मिक को, 10-15 फुट पानी में डूबी इमारतो में तैर कर जाने और वहां से एक - एक करके उत्तरजीवियों को सुरक्षित बाहर निकालने के कार्य से रोक नहीं सका।

4. संकटग्रस्त लोगों का जीवन बचाने में विपिन गुलिया का अपरिमित उत्साह, उच्च दर्जे की व्यवसायिकता और कर्तव्यनिष्ठा, सेवा की उच्च परंपराओं के अनुरूप है।

5. विपिन गुलिया, उत्तम यांत्रिक (पोतकार), 08523-डब्ल्यू ने स्वयं को बखूबी सिद्ध किया है, फलस्वरूप इन्हें बहादुरी के लिए तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

6. तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 11(i) के तहत तटरक्षक (शौर्य) प्रदान किया जाता है तथा परिणामस्वरूप नियम 13 के अधीन तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को विशेष भत्ता स्वीकार्य है।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 84-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2016 के अवसर पर प्रदीप कुमार, नाविक (एम ई), 11381-एस को बहादुरी के लिए तटरक्षक पदक (शौर्य) सहर्ष प्रदान करते हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

प्रदीप कुमार, नाविक (एम ई), 11381-एस ने 27 जनवरी, 2011 को भारतीय तटरक्षक मे सेवा आरंभ की तथा वर्तमान में कार्मिक भारतीय तटरक्षक पोत अनघ पर तैनात है।

2. 02 दिसंबर, 2015 को, जब चेन्नई मे अभूतपूर्व बारिश हुई तथा बाढ़ आ गयी थी तब भर्ती कार्मिक बचाव दल का हिस्सा बनने के लिए स्वेच्छा से आगे आया। इन्होंने एक जेमिनी नौका और ओबीएम के साथ, राहत और बचाव अभियान में तमिलनाडु पुलिस के दल की सहायता की। बुरी तरह से प्रभावित क्षेत्र में पहुंचने पर, इन्होंने देखा कि बाढ़ का पानी 15 फुट तक पहुंच चुका है । पुलिस कार्मिकों को अभी यह निर्णय करना था कि किस प्रकार फंसे हुए और संकटग्रस्त लोगों तक पहुंचा जाए। क्षेत्र में डूबी कारों और मोटरसाईकिलों के बावजूद, कार्मिक ने बचाव अभियान क्रियान्वित करने के लिए अति उपयोगी स्थान पर युक्तिपूर्वक तरीके से जेमिनी क्रॉफ्ट का नौचालन किया। मौसम की स्थिति अत्यंत खराब थी, क्योकि लगातार बारिश हो रही थी और निरंतर बढ़ते जलस्तर से प्रत्येक मिनट महत्वपूर्ण था तथा कार्मिकों की उत्तरजीविता के अवसर क्षीण हो रहे थे। एक असाधारण तैराक और प्रेरक गोताखोर के नाते कार्मिक, अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना तुरंत ही पानी में कूद गया, फलस्वरूप बहुत से लोगों का जीवन बचाया जा सका, इन लोगों को मूलतः कार्मिक के कंधों का सहारा देकर लाया गया।

3. नाविक ने सशक्त जलधारा, अनेक सरीसृपों, बाधाओं, बिजली के तारों मलबे आदि के बीच 200 से अधिक जीवन का बचाव किया, इन लोगों में वरिष्ठ नागरिक, गर्भावस्था वाली महिलायें, अपंग बच्चें और शिशु शामिल हैं। कार्मिक ने उच्च दर्जे के उत्साह और प्रतिबद्धता की भावना को प्रदर्शित किया। छह घंटों से अधिक समय तक लगातार अभियान करने के उपरांत, दल अपने नये अभियान को शुरू करने के लिए वेदापलानी में अन्य स्थानों की ओर रवाना हुआ। कार्मिक के प्रयास और निस्वार्थ सेवा अगले दिन 03 दिसंबर, 2015 को भी जारी रही, जब इन्हें जेम्स एशरे, को अंतरित किया गया, जहां इन्होंने और भी खराब परिस्थिति का सामना किया। कार्मिक ने एक बार फिर चार ब्लॉकों से 240 लोगों की निकासी को सुनिश्चित किया। भर्ती कार्मिक ने जाफरखानपेट, के के नगर, गंगा नगर जैसे क्षेत्रों में, जिसकी स्थिति बहुत खराब थी और जिसकी तटरक्षक की किसी यूनिट या दल को कोई सूचना नहीं दी गयी थी, अपना बचाव अभियान जारी रखा। बहादुरी के इस कार्य को करने में कार्मिक द्वारा प्रदर्शित अत्यंत उत्साह, प्रतिबद्धता और कर्तव्यनिष्ठा की पुलिस दल तथा स्थानीय लोगों ने काफी सराहना की है।

4. प्रदीप कुमार, नाविक (एमई) 11381-एस ने चेन्नई में बाढ़ राहत अभियानों के दौरान तनावपूर्ण एवं थकाऊ परिस्थितियों में अदम्य साहस, निर्भीक प्रतिरोध की भावना और बहादुरी के कृत्य को प्रदर्शित किया है।

5. प्रदीप कुमार, नाविक (एमई), 11381-एस ने स्वयं को बखूबी सिद्ध किया है, फलस्वरूप इन्हें बहादुरी के लिए तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

6. तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 11(i) के तहत तटरक्षक (शौर्य) प्रदान किया जाता है तथा परिणामस्वरूप नियम 13 के अधीन तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को विशेष भत्ता स्वीकार्य है।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 85-प्रेज/2016—राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2016 के अवसर पर निम्नलिखित अफसरों को सराहनीय सेवा के लिए तटरक्षक पदक सहर्ष प्रदान करते हैं-

(i) उपमहानिरीक्षक राजन बड़गोत्रा (0116-एम)

(ii) कमांडेंट देवांश रमेशचन्द्र त्रिवेदी (0329-वी)

2. सराहनीय सेवा के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करने संबंधी नियम 11(ii) के तहत तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा) प्रदान किया जाता है।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

दिनांक 18 मई 2016

सं. 86—प्रेज/2016—भारत के राजपत्र के भाग—I, खण्ड—1 में दिनांक 12 दिसम्बर, 2015 को प्रकाशित इस सचिवालय की विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक से संबंधित दिनांक 15 अगस्त, 2015 की अधिसूचना संख्या 110—प्रेज/2015 में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :——

क्रम संख्या 73 में

श्री नरेन्द्र नाथ धर दुबे, पुलिस अधीक्षक, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो — के स्थान पर

श्री नरेन्द्र नाथ धर दुबे, पुलिस अधीक्षक, नई दिल्ली, राष्ट्रीय जाँच एजेन्सी — पढ़ा जाए।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 87—प्रेज/2016—भारत के राजपत्र के भाग—I, खण्ड—1 में दिनांक 25 जुलाई, 2015 को प्रकाशित इस सचिवालय की सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से संबंधित दिनांक 26 जनवरी, 2015 की अधिसूचना संख्या 42—प्रेज/2015 के अँग्रेजी रूपांतरण में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :—

क्रम संख्या 284 में

श्री पी. केनेड — के स्थान पर

श्री पी. केनेडी — पढ़ा जाए।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 88—प्रेज/2016—भारत के राजपत्र के भाग—I, खण्ड—1 में दिनांक 25 जुलाई, 2015 को प्रकाशित इस सचिवालय की सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से संबंधित दिनांक 26 जनवरी, 2015 की अधिसूचना संख्या 42—प्रेज/2015 के हिन्दी रूपांतरण में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :—

क्रम संख्या 630 में

श्री अविनाश — के स्थान पर

श्री अवनीश — पढ़ा जाए।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

वित्त मंत्रालय
(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 2 जून 2016

संकल्प

सं. 5(1)—बी(पी.डी.)/2016—आम जानकारी के लिए यह घोषित किया जाता है कि वर्ष 2016—17 के दौरान सामान्य भविष्य निधि तथा उसी प्रकार की अन्य निधियों के अभिदाताओं की कुल जमा रकमों पर दी जाने वाली ब्याज दर 1 अप्रैल, 2016 से 30 जून, 2016 तक 8.1% (आठ दशमलव एक प्रतिशत) होगी। यह दर 1 अप्रैल, 2016 से लागू होगी। संबंधित निधियां निम्नलिखित हैं :—

1. सामान्य भविष्य निधि (केंद्रीय सेवाएं)
2. अंशदायी भविष्य निधि (भारत)
